# Rise Education ®

Hindi Medium

30 Jan 2026

Follow us on



Ashish Namdev
Director

# DAILY CURRENT AFFAIRS

## GK BOOSTER

CAT | MAT | CLAT | SSC

BANK | RAILWAY | VYAPAM | CDS


Save this Number
7415334338
For Daily Current Affairs /PDF Notes/Job Notifications

Address : C-145, Sec 01, Behind City Center Mall, Near Axis Juice, Devendra Nagar, Raipur - 492004

Contact : 7415334338, 9165040534

## 30 जनवरी से संबंधित करेंट अफेयर्स

- पारंपरिक हस्तशिल्प को बढ़ावा देने के लिए दिल्ली हाट में पीएम विश्वकर्मा हाट 2026 का आयोजन किया जा रहा है। पीएम विश्वकर्मा हाट 2026 का आयोजन सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय द्वारा नई दिल्ली के आईएनए स्थित दिल्ली हाट में 18 से 31 जनवरी तक किया जा रहा है। प्रदर्शनी का उद्घघाटन केंद्रीय लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री जीतन राम मांझी द्वारा राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे की उपस्थिति में किया जाएगा। पीएम विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत भारत की पारंपरिक शिल्पकला ओर कारीगरी को बढ़ावा देने के लिए इस कार्यक्रम की परिकल्पना एक विशेष मंच के रूप में की गई है।
- वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी राकेश अग्रवाल को केंद्र सरकार द्वारा राष्ट्रीय जांच एजेंसी का महानिदेशक नियुक्त किया गया हैं। यह नियुक्ति मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति द्वारा स्वीकृत की गई हैं। हिमाचल प्रदेश कैडर के 1994 बैच के भारतीय पुलिस सेवा अधिकारी अग्रवाल वर्तमान में आतंकवाद विरोधी एजेंसी में विशेष महानिदेशक हैं। वे एनआईए के महानिदेशक का अतिरिक्त प्रभार भी संभाल रहे हैं। एनआईए के महानिदेशक के रूप में उनका कार्यकाल 31 अगस्त 2028 तक रहेगा, जो उनकी सेवानिवृति की तिथि है।
- केंद्रीय सरकारी स्वास्थ्य योजना लाभार्थियों के लिए परिपूर्ण मेडिक्लेम आयुष बीमा शुरू किया गया। यह योजना वितीय सेवा विभाग द्वारा शुरू की गई हैं। इस पॉलिसी के तहत कैशलेस उपचार और आधुनिक चिकित्सा प्रक्रियाओं को कवर किया जाता हैं। यह पॉलिसी विशेष रूप से सीजीएचएस लाभार्थियों के लिए उपलब्ध है, जिनके परिवार में अधिकतम छह सदस्य हो सकते हैं। यह भारत के भीतर अस्पताल में भर्ती होने पर क्षतिपूर्ति आधारित कवरेज प्रदान करती है, जिसमें 10 लाख या 20 लाख के बीमा राशि विकल्प उपलब्ध हैं।
- कोयला मंत्रालय ने दामोदर घाटी निगम के साथ कोयला खान विकास एवं उत्पादन समझौते पर हस्ताक्षर किए है। ये समझौते तीन वाणिज्यिक कोयला ब्लॉकों, धुलिया उत्तर, मंदाकिनी बी और पीरपैंती बरहट के लिए किए गए हैं। इन कोयला ब्लॉकों की वाणिज्यिक कोयला खनन नीलामी के 13वें दौर में सफलतापूर्वक नीलामी की गई। तीनों कोयला ब्लॉकों का पूर्णतः अन्वेषण हो चुका हैं ओर इनकी संयुक्त रूप से संचयी अधिकतम उत्पादन क्षमता 49 मिलियन टन प्रति वर्ष है।
- इलेक्ट्रॉनिक्स ओर सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के डिजिटल इंडिया भाषिनी प्रभाग ओर मध्य प्रदेश सरकार को समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। यह समझौता ज्ञापन बहुभाषी डिजिटल शासन पर सहयोग को औपचारिक रूप देता है ओर भाषिनी की भाषा प्रौद्योगिकियों को राज्य के डिजिटल प्लेटफार्मो में एकीकृत करना संभवन बनाता हैं। इस एकीकरण में अनुवाद एपीआई ओर एआई संचालित भाषा उपकरण शामिल है, जो कई भारतीय भाषाओं में सार्वजनिक सेवाएं प्रदान करने में सहायक होंगे। भाषिनी मध्यप्रदेश में वॉइस फर्स्ट एआई समाधानों का समर्थन करेगा।
- मिशेल स्टार्क ओर लौरा वोल्वाड्ट को दिसंबर 2025 के लिए आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ का पुरस्कार मिला। ऑस्ट्रेलिया की घरेलू एशेज सीरीज जीत में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उन्हें यह पुरस्कार दिया गया हैं। यह सम्मान मिशेल स्टार्क को आईसीसी पुरूष प्लेयर ऑफ द मंथ पुरस्कार मिलने का पहला मौका हैं। उन्होंने इस पुरस्कार के लिए किसी ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी के दो साल के इंतजार को समाप्त किया, इससे पहले पैट कमिंस ने दिसंबर 2025 में यह पुरस्कार जीता था।
- भारत की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का उद्घघाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल के मालदा रेलवे स्टेशन पर किया। यह ट्रेन हावड़ा और गुवाहाटी को जोडेगी। प्रधानमंत्री ने गुवाहाटी हावड़ा वंदे भारत स्लीपर सेवा को वर्चुअल रूप से हरी झंडी भी दिखाई। वंदे भारत स्लीपर ट्रेन पूरी तरह से वातानुकूलित है ओर इसे हवाई यात्रा जैसा अनुभव प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया हैं। वंदे भारत स्लीपर ट्रेन में 16 आधुनिक कोच है जिनकी कुल क्षमता 823 यात्रियों की है। हावड़ा गुवाहाटी मार्ग देश के सबसे महत्वपूर्ण रेल गलियारों में से एक है। वंदे भारत स्लीपर ट्रेने कोलीघाट मंदिर और कामाख्या देवी मंदिर जैसे प्रमुख तीर्थ स्थलों तक जाएगी।
- छिपे हुए कवक नेटवर्क को उजागर करने के लिए टोबी कियर्स को टायलर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उत्कृष्ट पर्यावरणीय उपलब्धियों को मान्यता देने के लिए टायलर पुरस्कार को अक्सर पर्यावरण का नोबेल कहा जाता हैं। विशाला भूमिगत कवक जालों को पौधों ओर जड़ो के बीच पोषक तत्वों के आदान प्रदान तंत्र के रूप में कार्य करते हुए दिखाया गया है, जो पृथ्वी की जलवायु को नियंत्रित करते हैं। ये माइकोराइजल नेटवर्क प्रतिवर्ष लगभग 13.12 अरब टन कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करते है, जिससे वैश्विक उत्सर्जन को कम करने में मदद मिलती है।

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स

**1. विश्व कुष्ठ रोग दिवस प्रतिवर्ष कब मनाया जाता है ?**

(A) 28 जनवरी (B) 29 जनवरी
(C) 30 जनवरी (D) 31 जनवरी

**(C)** बच्चों में कुष्ठ रोग से संबंधित विकलांगता के शून्य मामलों के लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रतिवर्ष 30 जनवरी को विश्व कुष्ठ रोग दिवस मनाया जाता हैं। जैसा कि हम जानते है कि विकलांगता रातोंरात नही होती बल्कि लंबे समय तक अज्ञात बीमारी के बाद होती हैं। इसका मुख्य उद्देश्य कुष्ठ रोग के बारे में जागरूकता बढ़ाना और लोगों को इस इस प्राचीन बीमारी के बारे में शिक्षित करना था जो कि अब आसानी से ठीक हो सकती है।




**2. शहीद दिवस हर साल कब मनाया जाता है ?**

(A) 26 जनवरी (B) 28 जनवरी
(C) 29 जनवरी (D) 30 जनवरी

**(D)** महात्मा गांधी और भारत के तीन क्रांतिकारियों के बलिदान की याद में हर साल 30 जनवरी को शहीद दिवस के रूप में मनाया जाता हैं। जैसे 30 जनवरी 1948 को राष्ट्रपिता की हत्या कर दी गई। और 23 मार्च को देश के 3 नायकों भगत सिंह, शिवराम राजगुरू और सुखदेव थापर को अंग्रेजों ने फांसी पर लटका दिया था।




**3. हाल ही में MSME मंत्रालय ने कहां नए टेक्नोलॉजी सेंटर को मंजूरी दी है ?**

(A) तेलंगाना (B) केरल
(C) हिमाचल प्रदेश (D) राजस्थान

**(C)** भारत सरकार ने हिमाचल प्रदेश में दो MSME प्रौद्योगिकी केंद्रो की स्थापना को मंजूरी दी है। ये केंद्र ऊना जिले के पंडोगा ओर सोलन जिले के परवाणू में स्थापित किए जाएंगे। प्रत्येक केंद्र लगभग 10 करो की लागत से विकसित किया जाएगा। इस पहल से राज्य में औद्योगिक विकास, कौशल प्रशिक्षण ओर रोजगार के अवसरो को मजबूती मिलने की उम्मीद है।




**4. हाल ही में कहां अवैध शिकार को रोकने के लिए एआई संचालित थर्मल ड्रोन निगरानी प्रणाली का उद्घाटन किया गया है ?**

(A) केरल (B) असम
(C) गुजरात (D) महाराष्ट्र

**(B)** हाल ही में गैंडो और अन्य वन्यजीवों के अवैध शिकार को रोकने के लिए काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान में एआई संचालित थर्मल ड्रोन निगरानी प्रणाली का उपयोग किया ज रहा है। यह तकनीक 2017 से काजीरंगा में वन्यजीव संरक्षण में क्रांति ला रही है। मुख्य रूप से एक सींग वाले गैंडो को शिकारियों से बचाना, खासकर बाढ़ के दौरान जब गैंडे ऊंचे स्थानो पर चले जाते है।



**5. हाल ही में किस राज्य ने आमे पढ़िबा आमा मसारे योजना शुरू की है ?**

(A) ओडिशा (B) पंजाब
(C) हरियाणा (D) तेलंगाना

**(A)** हाल ही में ओडिशा सरकार ने आमे पड़ी बा मामा बस सारे योजना को आधिकारिक रूप से लॉन्च किया हे। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत आदिवासी ओर क्षेत्रीय भाषाओं में प्रारंभिक बचपन की शिक्षा को बढ़ावा देना है। इन पहलो का उद्देश्य शिक्षा के माध्यम से सशक्तिकरण समाज में समानता तथा सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करना है।



**6. हाल ही में किस देश के लिए यूरोपीय संघ ने 90 बिलियन का ऋण मंजूर किया है?**

(A) यूक्रेन (B) पोलैंड
(C) इटली (D) इनमें से कोई नहीं

**(A)** हाल ही में यूरोपीय संघ रूस के खिलाफ यूक्रेन की मदद लिए 90 अरब यूरो का कर्ज लेने पर सहमत हुआ है। यह पैसा यूक्रेन को धीरे धीरे दिया जाएगा ओर कुछ शर्तो पर आधारित होगा। ईयू के तीन सदस्य देशों, हंगरी, स्लोवालिया ओर चेंक गणराज्य ने इस मुहिम में हिस्सा ना लेने का फैसला किया है।



**7. हाल ही में किस बैंक ने GIFT सिटी में अनिवासियों के लिए वैश्विक बचत योजना शुरू की है ?**

(A) ICICI बैंक (B) HDFC बैंक
(C) IDFC First बैंक (D) एक्सिस बैंक

**(C)** हाल ही में IDFC फर्स्ट बैंक ने अनिवासी भारतीय के लिए यूएस डॉलर ओर यूरो में आईडीएफसी फर्स्ट ग्लोबल सेविंग्स शुरू की है। यह विदेशी मुद्रा खाता गुजरात की गिफ्ट शहर के माध्यम से पेश किया गया हैं और उन ग्राहकों के लिए बनाया गया है जो जोखिमों के बिना विदेशी मुद्रा में धन रखना, बचत करना ओर स्थानांतरित करना चाहते है।




**8. हाल ही में किस IIT के शोधकर्ताओं ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस लैब असिस्टेंट नामक AI प्रणाली विकसित की है ?**

(A) IIT मुंबई (B) IIT कानपुर
(C) IIT बेंगलुरू (D) IIT दिल्ली

**(D)** हाल ही में भारतीय औद्योगिक संस्थान दिल्ली के शोधकर्ताओं ने AILA यानि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस लैब असिस्टेंट नामक AI प्रणाली विकसित की है। यह प्रणाली एक वैज्ञानिक की तरह वास्तविक वैज्ञानिक प्रयोग करने में सक्षम है। इसका चैट इंटरफेस सरल हैं। यह प्रणाली IIT दिल्ली ने डेनमार्क ओर जर्मनी के वैज्ञानिकों के सहयोग से विकसित की हैं।




**9. हाल ही में किसे पटना उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश की नियुक्त किया गया है?**

(A) ज. सौमेन सेन (B) ज. संगम कुमार साहू
(C) ज. रेवती प्रशांत (D) इनमें से कोई नहीं

**(B)** हाल ही में पटना हाईकोर्ट के नए चीफ जस्टिस संगम कुमार साहू ने शपथ ग्रहण की। उन्हें राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने शपथ दिलाई। जस्टिस साहू आपराधिक कानून में अपनी विशेषज्ञता के लिए पहचाने जाते हैं। जस्टिस संगम कुमार साहू ने पटना हाईकोर्ट के 47वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली।




**10. हाल ही में ऊर्जा अवसंरचना पर साइबर हमलो से निपटने के लिए समिति का गठन किया है ?**

(A) गुजरात (B) केरल
(C) पंजाब (D) कर्नाटक

**(A)** डिजिटल तकनीकों जैसे स्मार्ट मीटर, स्मार्ट ग्रिड और स्वचालित नियंत्रण प्रणालियों के बढ़ते उपयोग के साथ बिजली क्षेत्र की ऊर्जा अवसंरचना साइबर खतरों के प्रति अधिक संवेदनशील हो गई है। इस जोखिम को पहचानते हुए गुजरात सरकार ने ऊर्जा क्षेत्र में साइबर सुरक्षा को मजबूत करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया हैं। राज्य ने तैयारियों की समीक्षा, प्रणालियों में सुधार ओर महत्वपूर्ण बिजली अवसंरचना की दीर्घकालिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विशेष समितियों का गठन किया है।

